विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को विशेष गतिविधि

सभी नगर प्रबंधक/CLTC विशेषज्ञ, सभी नगर निकाय, झारखण्ड

ज्ञात है कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। नगरीय प्रशासन निदेशालय, झारखण्ड पर्यावरण दिवस की महत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति काफी गम्भीर है। इस उद्देश्य से कोविड–19 के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवलोकन के लिए PMAY (U) लाभुको के द्वारा कोविड–19 प्रोटोकॉल के अनुरूप विशेष प्रकार की गतिविधि अपेक्षित है। इस गतिविधि के अन्तर्गत लाभुक अपने घरों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पेंटिग (लाभुक या परिवार के किसी सदस्य/बच्चों द्वारा हाथों में लेकर प्रदर्शन), प्रदूषण रहित सामग्रियों (मिट्टी, बांस, घास, लकड़ी आदि)से पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कलाकृतियों के निर्माण, अपने आवास के समक्ष केवल परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर वृक्षारोपण, केवल परिवार के सदस्यों के बीच मिलकर कोविड प्रोटोकॉल के साथ नृत्य–संगीत आदि गतिविधि कर सकते है।

इस गतिविधि में उन्नत प्रदर्शन करने वाले लाभुकों की गतिविधि को नगरीय प्रशासन निदेशालय की मासिक न्यूज लेटर में शामिल किया जाएगा तथा आयोजन के संबंध में भारत सरकार को सूचना प्रेषित की जाएगी।

इस गतिविधि के क्रियान्वयन में सभी नगर प्रबंधक/CLTC विशेषज्ञ लाभुकों को आवश्यक सहयोग देना सुनिश्चित करें। साथ ही आयोजन के उपरांत उत्कृष्ट फोटोग्राफ Whats App Group पर अवश्य Post करें।